newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २३ | अंक - १४ | २२ से २८ अप्रैल २०२४ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## पानी आपुर्ति कर से जनमानस की जेब पर गहरा असर




भाईंदर. मीरा भायंदर शहर में पानी की समस्या विकराल होते जा रही है. ऐसे तो वर्ष भर मुख्य पाईप लाईन की मरम्मत, लीकेज मरम्मत, साफ सफाई जैसे किसी न किसी कारण से शहरवासी पानी के शटडाउन की समस्या से जूझते रहते हैं, वहीं गर्मी के मौसम में यह समस्या अपने चरम पर पहुंच जाती है. ५० से ६० घंटे के अंतराल पर जलापूर्ति का सामना लोगों को करना पडता है. शहर के नागरिकों के आवश्यकतानुसार पर्याप्त जलापूर्ति नहीं होने के बावजूद जलापूर्ति लाभकर के रूप में १०% की वृद्धि नए पानी बिल में कर दी गई है. जबकि मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने मीरा-भायंदर शहर के नागरिकों को वचन दिया था की. इस आर्थिक वर्ष में नागरिकों पर कोई नया कर (टैक्स) नहीं लागू किया जाएगा. जलापूर्ति लाभकर के रूप में नया कर लागू कर आयुक्त काटकर अपने ही वादे से पलट गए हैं. नागरिकों को नए टैक्स बिल देने की शुरुआत प्रशासन ने की है. इसमें नए कर (टैक्स) के रूप में १०% जलापूर्ति लाभकर का समावेश कर दिया गया है. नागरिकों में मिली जुली प्रतिक्रिया देखी जा रही हैं. वहीं जनप्रतिनिधि इस पर अपनी क्या रुख अपनाते है. इस पर शहर वासियों की निगाहें टिकी हुई है. मीरा भायंदर शहर के लिए सूर्या प्रादेशिक पानी योजना का कार्य शुरू है. आगामी कुछ माह में सूर्या प्रकल्प से २१८ एमएलडी पानी शहर को प्राप्त होने वाली है. लेकिन इसके लिए शहर में अंतर्गत पाइपलाइन व पानी के संग्रहण के लिए टांकी निर्माण का कार्य अभी बाकी है. इस कार्य के लिए मनपा को करीब १५० करोड रुपए की निधि की आवश्यकता है. इसके लिए नागरिकों पर १०% जलापूर्ति लाभकर लागू कर दी गई है. प्रत्यक्ष में मनपा द्वारा वर्ष २०२४-२५ के लिए जारी किए गए प्रॉपर्टी टैक्स (संपत्ति कर) के बिल में इस १०% जला पूर्ति लाभकर का समावेश कर दिया गया है. जबकि मार्च माह में मनपा का आर्थिक बजट सादर करते समय नागरिकों पर किसी भी प्रकार के नए कर का बोझ नहीं डाला जाएगा, ऐसा प्रतिपादन आयुक्त काटकर ने सार्वजनिक रूप से किया था. जिससे वे अचानक पलट गए हैं. लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस नए कर के विरोध में राजनीतिक पार्टीया खडी हो गई थी और यह कर लागू नहीं होने देने की चेतावनी भी दी थी. इसके बावजूद प्रशासन ने यह कर लागू कर दिया है. अब देखना होगा कि राजनीतिक पार्टियां इस नए कर के प्रति क्या रुख अख्तियार करते हैं. इस पर नागरिकों की निगाहें टिकी हुई है. संपत्ति कर के बिल प्राप्त होने के बाद ३० जून से पूर्व संपूर्ण बिल के भुगतान करने पर मूल कर में ५%.१ से ३१ जुलाई के दौरान कर के भुगतान पर मूल कर ध में ३% की छूट दिए जाने की घोषणा प्रशासन ने की है. ३१ जुलाई के बाद। बिल का भुगतान नहीं करने वालों से मूल कर की रकम पर २% मासिक व्याज वसूली की जाएगी. भुगतान की अंतिम तिथि से पूर्व दी गई छूट की मुद्दत के पहले बिल का भुगतान कर छूट का लाभ लेने का आवाहन किया है. अंतिम तिथि से पहले दी गई छूट की अवधि के दौरान बिल अदा करने वालों से करीब २करोड.७८ लाख ६० हजार रुपए की छूट दी थी.

## जालसाज अरोरा को पुलिस ने किया हरियाणा से गिरफ्तार




भायंदर : भायंदर पुलिस ने क्रेडिट कार्ड तथा डेबिट कार्ड के माध्यम से ४ लाख ४० हजार का चूना लगाने वाले आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आईटी इंजीनियर बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाईंदर परिसर में रहने वाले अमित अग्रवाल क्रिकेट मैच खेलने भायंदर (प.) के ब्लु पिंच टर्फ मैदान में गये थे, उस दौरान मौका पाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका बैग चुरा कर उनके डेबिट और क्रेडिट कार्ड से ४ लाख ४० हजार रूपये का ट्रांजेक्शन कर डाला। पीडित अमित ने फौरन भायंदर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। जब पुलिस की टीम ने घटना स्थल पर जांच की तो सीसीटीवी फुटेज की सहायता से शातिर अपराधी ट्विंकल अरोरा की पहचान हुई । आरोपी की खोजबीन के दौरान पुलिस टीम को पता चला की अरोरा हरियाणा फरीदाबाद में है जिस पर तत्काल एक टीम हरियाणा भेजी जहा से आरोपी को हिरासत में लेकर भायंदर लाया तथा कडी पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया । पुलिस ने भा.द.वि. धारा ३७९,४२० के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। भाईदर पोलीस ठाणे यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त प्रकाश गायकवाड, भायंदर डिविजन की सहायक पुलिस उपायुक्त दीपाली खन्न तथा भायंदर के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सूर्यकांत नाईकवाडी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने की। पकडा गया आरोपी आदतन अपराधी है तथा उसके खिलाफ विभिन्न पुलिस स्टेशनों में मामले दर्ज है।

























# मिरा भाईंदर में पानी की गुणवत्ता को लेकर टैंकर माफियाओं पर होगी कारवाई




भाईंदर : मीरा भायंदर में निजी टैंकरों से आपूर्ति की जाने वाली पानी की गुणवत्ता ठीक नहीं रखने वाले टैंकर मालिकों को मनपा ने चेतावनी दिया है। शहर में निजी टैंकर से पानी आपूर्ति करने वाले बिना पानी की गुणवत्ता की जांच करवाए पानी आपूर्ति करते हैं। इससे दूषित पानी आपूर्ति की संभावना रहती है। इसको ध्यान में रखते हुए ही मनपा ने ठोस कदम उठाते हुए निजी टैंकर मालिकों को उनके द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता रिपोर्ट मनपा में सादर करने का आदेश दिया था। लेकिन अब तक एक भी टैंकर मालिक ने मनपा को रिपोर्ट नहीं सादर की है। मीरा भायंदर शहर में कई निजी टैंकरो से जलापूर्ति की जाती हैं। इसमें तिपहिया वाहनों पर लगे १००० लीटर से लेकर ७०० लीटर तक के टैंकर शामिल हैं। शहर में आज भी नागरिकों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। प्रतिदिन तीस से पैंतीस घंटे के अंतराल पर पानी आपूर्ति की जाती है। कई बार एमआईडीसी और स्टेम प्राधिकरण द्वारा मनपा को की जाने वाली जलापूर्ति शटडाउन या मुख्य पाईप लाईन टूटने के कारण ७२ घंटे के अंतराल पर जलापूर्ति की जाती है। ऐसे में शहर के नागरिक बडे.पैमाने पर निजी टैंकरों से पानी खरीदने को मजबूर रहते हैं। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है, ऐसे में इन टैंकरों की मांग बढ़ने लगी है। पानी की कटौती लागू होने पर इन टैंकर मालिकों के चेहरे खिल उठते हैं। टैंकर मालिक ३५० रुपये से लेकर १००० रुपये में ५०० लीटर पानी का दाम वसूलते हैं। वहीं मनपा द्वारा भी टैंकरों से स्लम क्षेत्रों या उन इमारतों में जहाँ पानी कनेक्शन नहीं दिए गए हैं वहां जलापूर्ति की जाती हैं। यह पानी शुद्ध रूप में पीने योग्य और उसके गुणवत्ता की जांच की हुई रहती है। बता दें कि निजी टैंकर मालिकों के पास अपने स्वयं के कुएं, बोरवेल या तालाब हैं या वे दूसरे निजी कुएं से पानी भरते हैं और मांग के अनुरूप पानी की आपूर्ति करते हैं, लेकिन उनके पानी की गुणवत्ता के बारे में कोई विश्वसनीयता नहीं रहती है। वह पानी पीने योग्य है या नहीं इसकी जांच नहीं की जाती है। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य को नुकसान होने की संभावना रहती है। इसके लिए मनपा ने हाल ही में शहर में पानी सप्लाई करने वाले निजी टैंकरों का सर्वेक्षण कराया था। सर्वेक्षण के अनुसार भायंदर पश्चिम के मुर्धा से उत्तन ग्रामीण क्षेत्र में – ४, भायंदर पश्चिम शहरी क्षेत्र में – ९, गोडदेव – ३, नवघर – ३ मीरारोड – १६, काशी गांव – १२, घोडब़ंदर – ८, वर्सोवा – ६ निजी टैंकर मालिकों का पता लगाया गया है। मनपा ने इन सभी को पत्र भेजकर उनके द्वारा सप्लाई किए जा रहे पानी की गुणवत्ता की रिपोर्ट सादर करने के लिए कहा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी अपनी रिपोर्ट नहीं सादर की है, इसलिए इन सभी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जायेगी। शहर के सभी निजी टैंकर चालकों को पानी की गुणवत्ता की रिपोर्ट सादर करने का आदेश दिया गया है, लेकिन किसी ने भी अभी तक रिपोर्ट सादर नहीं की है। अब टैंकर मालिकों को फिर से अंतिम नोटिस जारी किया जाएगा और रिपोर्ट सादर नहीं करने पर टैंकरों पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई की जाएगी .



जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अरुण शुक्ला
न्यु साईगंगा हॉस्पिटल








जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर

हार्दिक शुभकामनाएं
एस. पी. मौर्या
बीजेपी



जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

अश्विन कसोदरिया
पूर्व नगरसेवक, बीजेपी






रामनारायण दुबे
जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज दुबे
पूर्व नगरसेवक, बीजेपी




जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप पोरवाल
भवन निर्माता



जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

प्रमोद पाटील
ओबीसी जिला उपाध्यक्ष




जनकल्याण सेवा
का जनता दरबार
१०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७
१) मंत्रालय लाईंजिंग मॅटर, २) लैंड पजेशन, ३) लिटीगेशन, ४) अस्पताल, मॅटरनिटी अस्पताल, क्लिनिक, ४) स्कुल, जुनियर कॉलेज, सिनियर कॉलेज, कोचिंग क्लासेस, रिलेटेउ मॅटर, ५) सुनार एवं इललीगल मनी लॉडरिंग एवं दागिने रखकर ब्याज पर बिना लाइसेंस के पैस उधार देना
धोखाधडी, पारिवारिक विवाद, गैरकानुनी धंधे, सोसायटी समस्या, कामगारों की समस्या, सरकारी दफ्तरों में हो रही सुनवाई, आपकेम क्षेत्र की समस्या है
संपर्क करें : Mob.No.9004895944
Email :newsjankalyanseva@gmail.com wwwjankalyanseva.com

# मीरा भाईंदर में कचरें की समस्या को सुलझाने में नाकाम रहे राजनेता

भायंदर : मीरा-भायंदर में डंपिंग ग्राउंड की समस्या दिनों-दिन विकराल होती जा रही है। इस समस्या को निपटाने में स्थानीय नेता सहित मनपा प्रशासन भी फेल होता नजर आ रहा है। मालूम हो कि भायंदर (प.) के उत्तन स्थित डंपिंग ग्राउंड में मीरा-भायंदर शहर का कचरा डंप किया जाता है। यहां मीरा-भायंदर मनपा ने घनकचरा प्रकल्प लगा रखा है, जहां कचरे का निस्तारण किया जाता है। पिछले कुछ महीनों से कचरा निस्तारण बंद हो गया है, जिससे करीब आठ लाख मीट्रिक टन कचरे का पहाड़ खड़ा हो गया है। स्थानिय रहिवाशी ने बताया कि इस डंपिंग ग्राउंड में जमा लाखों टन कचरे में आग लगने की घटनाएं घटती रहती हैं। एक बार आग लगने पर कई-कई दिनों तक उसका धुआं आसपास के गांवों जैसे उत्तन, डोंगरी, धावगी, पाली, चौक आदि जगहों पर पैंल जाता



है। इसकी वजह से गांव के ग्रामीणों में सांस लेने की तकलीफ, हवा में दुर्गंध और आंखों में जलन जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। डंपिंग ग्राउंड के करीब ७ से ८ किलोमीटर के दायरे में वायु प्रदूषण का खतरा मंडराने लगा है। इस रासायनिक धुएं से स्थानीय ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ऊंचाई पर स्थित होने के कारण इस डंपिंग ग्राउंड से रिसनेवाले रासायनिक गंदे जल के कारण तलहटी में बसे गांवों के तालाब, कुएं के पानी, कृषि की जमीन प्रदूषित हो रही है। इस जगह से लगभग सात किलोमीटर के परिसर में दुर्गंध की समस्या बनी रहती है। इससे निकलने वाला रसायन आसपास के खेतों में भी पैंल जाता है। इसके अलावा गर्मियों में कचरे में उत्पन्न होनेवाली मिथेन गैस के कारण आग लगने की घटनाएं घटित हो रही हैं। आग लगने से प्रदूषण तो बढ़ता ही है, इसके साथ ही नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो गया है। पंद्रह दिन पहले इसी तरह आग लगने के बाद शहर में ठोस कचरा परियोजना का मुद्दा सामने आया है। यहां पर जो प्रकल्प है, उसकी कचरे पर प्रक्रिया करने की क्षमता कम होने की वजह से मीरा-भायंदर शहर में प्रतिदिन करीब ४५० से ५०० टन सूखा और गीला कचरा निकलता है। शहर के विभिन्न हिस्सों से कचरे को जमा कर उस पर प्रक्रिया करने के लिए उसे भायंदर (पश्चिम) के धावगी में स्थित डंपिंग ग्राउंड (घनकचरा प्रकल्प) पर ले जाया जाता है, जिससे यहां कचरे का पहाड़ बन गया है। पिछले १० वर्षों से डंपिंग ग्राउंड को कहीं अन्य जगह पर स्थानांतरित करने की मांग स्थानीय लोग उठा रहे हैं, लेकिन इस समस्या को हल करने में न ही स्थानीय नेता ध्यान दे रहे हैं और न ही मनपा प्रशासन। हालांकि, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आता है, वैसे ही मीरा-भायंदर के नेता इस समस्या को हल करने के लिए झूठे आश्वासनों का पुलिंदा दिखाते हैं और चुनाव खत्म होते ही मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

# चुनाव कार्य का विरोध करनेवाले शिक्षकों और कर्मचारियों को कानूनी कार्रवाई

ठाणे : बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेशानुसार अब गैर सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रिंसिपल, शिक्षक और कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी से मना करना भारी पड़ सकता है। ठाणे तहसीलदार कार्यालय ने एक पत्रक निकाला है, जिसमें लोकसभा चुनाव में काम करनेवाले शिक्षकों और कर्मचारियों को प्रत्येक प्रशिक्षण शिविर और मतदान प्रक्रिया सहित अन्य कार्यों के लिए निर्धारित समय के अनुसार उपस्थित रहने की अपील की गई है। साथ ही यह भी कहा गया है कि चुनाव कार्य का विरोध करनेवाले शिक्षकों और कर्मचारियों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि ठाणे तहसीलदार कार्यालय के उप-तहसीलदार दिनेश पैठणकर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के कार्य के लिए आवश्यक मैनपावर का समन्वय निर्वाचन विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए सभी कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों की मदद ली जा रही



है। इसके अलावा सभी स्कूलों के शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों को भी इस चुनाव कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, अनएडेड स्कूल्स फोरम के नेतृत्व में ठाणे और नई मुंबई क्षेत्र के गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों ने चुनाव कार्य का विरोध किया और इसके खिलाफ जनहित याचिका दायर की थी, जिसके संदर्भ में बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस याचिका पर तुरंत संज्ञान लिया और चुनाव कार्य से इनकार करनेवाले गैर सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रिंसिपलों, शिक्षकों और कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। पैठणकर ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पैठणकर ने हाई कोर्ट के आदेश के बाद स्पष्ठ किया है कि हाई कोर्ट ने गैर सहायता प्राप्त स्कूलों के फोरम पर नाराजगी जताई है इसलिए ठाणे और नई मुंबई क्षेत्र में गैर सहायता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है।

## तलाशी अभियान से पुलिस ने पकडी हीरोइन की खेप



भायंदर : भायंदर पुलिस स्टेशन की अपराध जांच टीम ने १८ ग्राम हेरोइन बरामद कर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में ड्रग डीलरों और रखने वालों की तलाशी तथा उनके खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस उपायुक्त, परिमडानल १ तथा सहायक पुलिस आयुक्त, भायंदर विभाग द्वारा दिए गए निर्देश और मार्गदर्शन के अनुसार, भायंदर पुलिस स्टेशन की अपराध टीम द्वारा जे.पी. इंफ्रास्ट्रक्चर के पास नशीले पदार्थों, अवैध शराब की बिक्री और अपराध पर लगाम लगाने गश्ती करते हुए पुलिस ने भायंदर पश्चिम की मुकुंदम बिल्डिंग के सामने रिक्शा चालक गौतम रमेशचंद्र गुप्ता (३०) और रिक्शा चालक सचिन उर्फ बाटला राधेश्याम गुप्ता (२३) को रोककर रिक्शा क्रमांक एमएच ०४ ९६५३ में संदिग्धों की तलाशी ली गई तो उनके पास से १८ ग्राम हेरोइन बरामद हुआ जिसकी कीमत साढे.चार लाख बताई जाती है पुलिस ने उसके पास से मोबाइल तथा नकदी भी बरामद की है। भाईदर पुलिस ने धारा ८ (सी), २१ (बी) एनडीपीएस एक्ट १९८५ के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त परिमंडल १, प्रकाश गायकवाड तथा भायंदर विभाग की सहायक पुलिस आयुक्त दीपाली खन्न के मार्गदर्शन में वरिष्ट पुलिस निरीक्षक सूर्यकांत नाइकवाडी, विवेक सोनावणे (अपराध), अपराध जांच शाखा के योगेश देशमुख, राजेश श्रीवास्तव, रवीन्द्र भालेराव, किरण पवार, रामनाथ शिंदे, संजय चव्हाण ने की है।

# अजय राजपुत की मेहनत रंग लाई, पुनम सागर परिसर में मंदिर की हुई स्थापना

मीरा रोड : श्रीराम नवमी एवं चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर मीरारोड पूर्व के पूनम सागर परिसर में श्री चतुरेश्वर महादेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा का महोत्सव भक्तिमय वातावरण में धूम-धाम से सम्पन्न हुआ। इस हिंदू बहुल परिसर में एक भी मंदिर नहीं था। जिसके कारण विगत कई वर्षों से यहां के स्थानीय रहीवासियों के साथ- साथ समाजसेवी अजय सिंह राजपूत की भी इच्छा थी की इस परिसर में महादेव के एक भव्य मंदिर का निर्माण कराया जाए। सभी के सपनों को साकार करने का संकल्प को पूरा करने के लिए राजपूत ने कमर कसी और स्थानीय रहवासियों और के.के. तिवारी के सहयोग से पूनम भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। मंदिर



के धार्मिक आयोजन में अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव श्री १००८ स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज एवं प्रयागराज के प्रकांड विद्वान पंडित अमरेशचंद्र त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आचार्य वेदनिधि ओडीयाल ने मंदिर में प्रमुख रूप से महादेव के विग्रह के साथ साथ -भगवान श्री गणेश, माँ दुर्गा, श्री राम-दरबार, श्री राधा-कृष्ण, श्री कालभैरव, भगवान विश्वकर्मा, माँ लक्ष्मी, माँ भद्रकाली और माँ सरस्वती सहित बजरंगबली और शनिदेव के पवित्र विग्रहों की प्राण प्रतिष्टा विशेष मुहूर्त में विधि-विधान से सम्पन्न कराई, ऐसी जानकारी आशीष पांडे ने दी। उक्त धार्मिक आयोजन में प्रसिद्ध भजन गायक कमलेश प्रसाद हरिपूरी की भजन संध्या में हजारों श्रद्धालु भक्ति रस में झूम उठे। साथ ही काशी के ब्राह्मणों द्वारा मन्त्रोंचार और डमरू की डम डम ध्वनि में विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती में सभी शिव भक्त झूम उठे। पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयकारे के साथ शिवमय हो गया और अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस भक्तिमय अवसर पर विधायक प्रताप सरनाईक, पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता एड. रवि व्यास और शैलेश पाण्डेय सहित मीरा भायंदर शहर के कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## धार्मिक भावनाओं को आहत करनेवालों पर होगी कारवाई

मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस ने शहर की सुरक्षा और शांति की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण सुचना जारी की है।इस सूचना में सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों और भडक़ाऊ मैसेजों के खिलाफ चेतावनी दी गई है।दो धर्म के समुदायों के बीच धार्मिक भावनाओं को आहत करने की किसी भी प्रकार की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर ऐसे मैसेज या पोस्ट को लाइक करने वालों के खिलाफ कडी कार्रवाई होगी।यह कार्रवाई पुलिस प्रशासन सहसूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम ६६ (सी) के तहत की जाएगी।पुलिस उपायुक्त ने बताया कि झूठी अफवाहों और भडक़ाऊ मैसेजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।शहर की आत्मा और माहौल को बनाए रखने के लिए समुदायों को साथ मिलकर काम करना आवश्यक है।यह सुचना शहर में धार्मिक एकता और सामाजिक सद्भाव को बढावा देने का संदेश भी देती है।लोगों को जागरूक करने के लिए इस तरह की सुचनाओं को सही समय पर साझा करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस ने अपनी इस पहल के माध्यम से नागरिकों की सुरक्षा को और भी मजबूत करने का संकल्प दिखाया है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारियों का जागरूकता अभियान

ठाणे (२५) संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाले ओवला-मजीवाडा (१४६) विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी निभा रहे चुनाव अधिकारी आगामी लोकसभा चुनावों के लिए मतदान प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से जागरूकता फैलाने के लिए कई पहल शुरू कर रहे हैं। पहल के रूप में, रिटर्निंग ऑफिसर-शीतल देशमुख और नोडल अधिकारी-वर्षा दीक्षित के नेतृत्व में राज्य चुनाव (एसईसी) आयोग की एक टीम ने भायंदर पूर्व के नवघर पालिका के स्कूल मैदान में बुधवार सुबह की सैर के लिए आने



वाले नागरिकों के लिए एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। ।चुनाव आयोग के अधिकारियों को इस अभियान में वरिष्ट नागरिकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जो भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के एक प्रमुख कार्यक्रम - व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (एसवीईईपी) के तहत की जा रही गतिविधियों की एक श्रृंखला के बीच है। मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता फैलाना और देश में मतदाता साक्षरता को बढावा देना इसका उद्देश्य है। राज्य की ४८ सीटों के लिए लोकसभा चुनाव एक महीने से अधिक समय तक चलने वाले पांच चरणों में होंगे। ठाणे लोकसभा सीट के लिए मतदान प्रक्रिया पांचवें चरण में २० मई को होनी है. ठाणे (२५) संसदीय क्षेत्र में मीरा-भयंदर, कोपरी-पाचपाखाडी, ओवला-मजीवाडा, ठाणे, ऐरोली और बेलापुर विधान सभा क्षेत्र शामिल हैं।











जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं




श्री. लल्लन तिवारी
चेयरमैन, राहुल एज्युकेशन ट्रस्ट

---

जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



प्रताप सरनाईक
आमदार, ओवळा माजिवडा विधानसभा.

---



जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



राकेश शाह
पूर्व स्थायी समिति सभापती, बीजेपी

---

# HILL 'N' SEA
## Faimely Restarant & Bar





जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

Best Food & Rooms
Indian Sitting Open
Garden & Party Hall

Plot No.l 193/35, Ghodbhunder, Western Express Higway No. 8, Mira Bhayander, Mira Road (E), Thane 401107, Visit us at : www.hillnsea.com, Email : gaurav_vaity07@yahoo.co.in

---

जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

प्रियांसु हॉस्पिटल



डॉ. अंजली गर्ग



डॉ. अनुज गर्ग

---

जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर

हार्दिक शुभेच्छा



योगेश पुजारी

---

जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर

हार्दिक शुभकामनाएं



राहुल तिवारी
बीजेपी


---

जनकल्याण सेवा के २३ वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



राजु यशवंत भोईर
ठाणे जिला प्रमुख

---




94 A/c ROOMS

Room categories are :
Deluxe Room / Super Deluxe Room / Grand Suite.

PURE VEG & SPECIAL JAIN BUFFET MENU (UNLIMITED)

Breakfast : 9.00 am to 11.00 am
Menu : Idli, Chatni, Sambhar, Upma, Jalebi, Papdi with Tea/Coffee

Buffet Veg. Lunch : 1.00 pm to 2.30 pm.
Menu : 3 Vegetables, 2 Farsan, 2 Sweets, Puri & Paratha, Dal Rice, Salad, Pickle, Papad, Chatni, Butter Milk.

Tea / Coffee : 4.00 pm to 5.00 pm.
Evening Snacks : 5.00 pm to 6 pm.



ONEDAY PICNIC PACKAGE INCLUDES

Full Day Water Park,
Full Day Amusement Park,
Veg. Cheese Pizza
Ice Cream (1 Coupon)
Full Day Gola & Pop Corn
Dashing Car Full Day

રોયલ ગાર્ડન રીસોર્ટ
Royal Garden Resort
Family. Food. Fun & Entertainment.

Resort : Just 9 km from Dahisar Checknaka on Mumbai-Ahmendabad Highway, Before Naigaon.
Contact : 9702035788 / 9222181101 / 9922300017/19
Room Booking :9702052074 / 7738864121
For Group Booking Call : 9702035788 / 9892435788
Head office : 118/1st Floor, Goyal Shopping Centre, Opp. Borivali Station, Borivali (West), Mumbai-400092.
Contact : 28910517 / 28992643 / 28906263 / 9769331264.
Online Booking : www.royalgarden.in

Email : rgresort@rediffmail.com
Alcohol and non-veg Strictly not allowed